ukekdu---------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 01

प्रश्न पत्र का नाम : आधुनिक कालीन हिन्दी काव्य (MAHD – 13)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : 'प्रियप्रवास' की कथावस्तु का मूलाधार है –

(क) अथर्ववेद का पन्द्रहवाँ काण्ड

(ख) कठोपनिषद् का प्रथम अध्याय

(ग) श्रीमद्भागवत का दशम स्कन्ध

(घ) श्रीमद्भगवद्गीता का द्वितीय अध्याय

प्रश्न 02 : 'नकेनवाद' का अन्य नाम है –

(क) प्रगतिवाद (ख) प्रयोगवाद

(ग) छायावाद (घ) प्रपद्यवाद

प्रश्न 03 : "साँप ! / तुम सभ्य तो हुए नहीं / नगर में बसना / भी तुम्हें नहीं आया। / एक बात पूछूँ -- (उत्तर दोगे ?) / तब कैसे सीखा डँसना -- / विष कहाँ पाया ?" कविता के रचयिता हैं –

(क) अज्ञेय

(ख) मुक्तिबोध

(ग) रघुवीर सहाय

(घ) कुँवर नारायण

प्रश्न 04 : 'असाध्य वीणा' शीर्षक कविता में प्रियंवद केशकम्बली अपने आत्म को तिरोहित करना चाहता है क्योंकि –

(क) वह आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति को बुरा समझता है ।

(ख) कला में आत्म का कोई महत्त्व नहीं होता है।

(ग) ध्यान-साधना के लिए आत्म का तिरोहन आवश्यक है।

(घ) वह आत्म को तिरोहित कर ईश्वर को पाना चाहता है।

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : 'बीट जनरेशन' या 'बीट पीढ़ी' शब्द का अविष्कार किस विद्वान ने किया ?

(क) एलेन गिन्सबर्ग

(ख) राजकमल चौधरी

(ग) सुविमल वसाक

(घ) जैक केरूआक

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : भारतेन्दु के 'निजभाषा प्रेम' को प्रकट कीजिए।

प्रश्न 07 : जाम्बवन्त का परामर्श राम में ही नहीं वरन् सम्पूर्ण मनुष्य जाति में नई चेतना का संचार करता है। स्पष्ट कीजिए, कैसे ?

प्रश्न 08 : 'परिवर्तन' कविता का मूल सन्देश क्या है ?

प्रश्न 09 : 'साठोत्तरी कविता आन्दोलन' पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 10 : प्रमुख नवगीतकारों का नामोल्लेख करते हुए उनके साहित्यिक योगदान को रेखांकित कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : राधा और श्रीकृष्ण को सामान्य नायक-नायिका के स्तर से उपर उठाकर विश्वसेवी तथा विश्व प्रेमी के रूप में चित्रित करने में 'हरिऔध' ने अपनी मौलिकता का परिचय दिया है। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12 : कामायनी के सन्दर्भ में जयशंकर प्रसाद की सौन्दर्य चेतना पर विचार कीजिए।

प्रश्न 13 : नागार्जुन की कविता संवेदना, भावानुभूति और अभिव्यंजना की दृष्टि से उत्कृष्ट है। सिद्ध कीजिए।

प्रश्न 14 : प्रगतिशील कवियों की जनवादी चेतना का विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 15 : रघुवीर सहाय की कविताओं में जितनी समृद्ध काल संसक्ति है, उतनी ही घनीभूत राजनीतिक चेतना भी है। अपनी सम्मति प्रकट कीजिए।

❖❖❖

ukekdu --------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 02 |
| प्रश्न पत्र का नाम | : हिन्दी आलोचना (MAHD – 14) |

समयावधि : **03** घंटे　　　　पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : प्रसाद के उपन्यास 'कंकाल' को किस आलोचक ने अपनी 'साहित्यिक चेतना की एक नई उपलब्धि' कहा है ?

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ख) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ग) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी

(घ) डॉ॰ रामविलास शर्मा

प्रश्न 02 : 'कामायनी : एक पुनर्विचार' के लेखक कौन हैं ?

(क) रामविलास शर्मा

(ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) सुमित्रानन्दन पंत

(घ) गजानन माधव मुक्तिबोध

प्रश्न 03 : लघुमानव को आलोचना के केन्द्र में लाने का श्रेय किसे प्राप्त है ?

(क) नागार्जुन　　　　(ख) मुक्तिबोध

(ग) अज्ञेय　　　　(घ) विजयदेव नारायण साही

प्रश्न 04 : 'दधि, घृत, मधु, पायस तजि वायसु चाम चबात' चित्रकाव्य के सन्दर्भ में यह प्रसिद्ध उक्ति किसकी है ?

(क) कवि आचार्य केशवदास

(ख) कवि आचार्य चिन्तामणि

(ग) कवि आचार्य सोमनाथ

(घ) कवि आचार्य देव

*प्रश्न जारी ...⟹*

प्रश्न 05 : 'रस कविता को अंग, भूषन हैं भूषन सकल' – यह कथन किस कवि आचार्य का है ?

(क) केशवदास

(ख) चिन्तामणि

(ग) देव

(घ) भिखारीदास

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : सैद्धान्तिक आलोचना और व्यावहारिक आलोचना में क्या अन्तर है ?

प्रश्न 07 : डॉ० नगेन्द्र का रसवाद आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के रसवाद से भिन्न कैसे है ?

प्रश्न 08 : आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के कबीर सम्बन्धी मूल्यांकन का वैशिष्ट्य रेखांकितकीजिए।

प्रश्न 09 : समाजशास्त्रीय आलोचना पद्धति की मुख्य मान्यताओं को समझाइए।

प्रश्न 10 : प्रगतिवादी आलोचना की मुख्य चिन्ताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी की आलोचना-दृष्टि का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 12 : डॉ० रामविलास शर्मा द्वारा प्रस्तुत 'हिन्दी जाति' और 'हिन्दी नवजागरण' की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13 : अज्ञेय द्वारा प्रतिष्ठापित काव्य-आलोचना के प्रतिमानों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 14 : हिन्दी आलोचना की प्रमुख पद्धतियों का परिचय दीजिए।

प्रश्न 15 : "मनोग्रन्थियों और कुण्ठाओं के आधार पर उत्कृष्ट कला का सृजन नहीं हो सकता।" इस कथन की परीक्षा कीजिए।

❖❖❖

ukekdu ------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी
अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर)
प्रश्न-पत्र क्रमांक : 03
प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि (MAHD – 15)
समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : इनमें से कौन-सी भाषा पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती है ?
(क) बघेली (ख) ब्रजभाषा
(ग) बाँगरू (घ) खड़ी बोली

प्रश्न 02 : निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त विशेषण के सही भेद का चयन कीजिए –
"जापानी लोग बहुत विनम्र होते हैं।"
(क) गुणवाचक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण
(ग) नामिक विशेषण (घ) तीनों गलत

प्रश्न 03 : संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान किया गया है कि संसद का कार्य हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में किया जाता है ?
(क) अनुच्छेद 110 (ख) अनुच्छेद 120
(ग) अनुच्छेद 343 (घ) अनुच्छेद 345

प्रश्न 04 : देवनागरी किस तरह की लिपि है?
(क) चित्र लिपि (ख) भाव लिपि
(ग) ध्वनि लिपि (घ) प्रतीक लिपि

प्रश्न 05 : विश्व हिन्दी सचिवालय कहाँ स्थित है ?
(क) नेपाल (ख) श्रीलंका
(ग) मॉरिशस (घ) पाकिस्तान

*प्रश्न जारी ...⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : स्वर सन्धि के भेद उदाहरण देकर समझाइए।

प्रश्न 07 : समास के भेद उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : 'कारक' की संकल्पना स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 09 : संयुक्त वाक्य एवं मिश्र वाक्य के मध्य अन्तर को सोदाहरण समझाइए।

प्रश्न 10 : विभिन्न अपभ्रंश भाषाओं से उत्पत्ति के आधार पर आधुनिक भारतीय भाषाओं के किए गए वर्गीकरण को बताइए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : क्रिया से क्या तात्पर्य है ? हिन्दी में कितने प्रकार की क्रियाएँ पाई जाती हैं ? क्रिया-भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12 : हिन्दीभाषी क्षेत्रों और हिन्दी की बोलियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13 : 'अन्विति' से क्या तात्पर्य है ? हिन्दी के अन्विति सम्बन्धी नियमों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14 : हिन्दी की संवैधानिक स्थिति का विस्तृत विवेचन कीजिए।

प्रश्न 15 : देवनागरी लिपि के उद्भव एवं विकास की विस्तृत विवेचना कीजिए।

❖❖❖

ukekdu ------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 04 |
| प्रश्न पत्र का नाम | : तुलनात्मक भारतीय साहित्य (MAHD – 16) |

समयावधि : **03** घंटे — पूर्णांक : **70**

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : "उर्दू गजल का बाबा आदम" किसे माना जाता है –

(क) मिर्जा गालिब — (ख) अमीर खुसरो

(ग) वली दक्कनी — (घ) नज़ीर अकबराबादी

प्रश्न 02 : निम्नलिखित कविताओं में से किस कविता में प्रकृति और मनुष्य एक दूसरे की मनोदशा को प्रतिबिम्बित करते हुए प्रतीत होते हैं –

(क) भारततीर्थ — (ख) धूलि मन्दिर

(ग) ब्राह्मण — (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 03 : 'दुविधा' कहानी में दुविधा किसकी है ?

(क) दुल्हन — (ख) सेठ

(ग) पाठक — (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 04 : सुब्रहमण्यम् भारती की ओजस्वी कविताओं तथा गीतों का मुख्य स्वर है –

(क) जनता में स्वतन्त्रता प्राप्ति हेतु जोश भरना

(ख) युवाओं में देश-सेवा और समाज-सुधार की भावना जागृत करना

(ग) स्त्रियों में स्वावलम्बन, साक्षरता, जागरूकता, निडरता एवं नेतृत्व की भावना का संचार

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 05 : लीला बेणारे किस कृति का मुख्य पात्र है –

(क) खामोश ! अदालत जारी है — (ख) घासीराम कोतवाल

(ग) जाति ही पूछो साधु की — (घ) गिद्ध

*प्रश्न जारी ...⟹*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : ब्राह्मण कविता में निहित मानवीय मूल्य को उद्घाटित कीजिए।

प्रश्न 07 : निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए –

सबसे ख़तरनाक वो दिशा होती है
जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए
और जिसकी मुर्दा धूप का कोई टुकड़ा
आपके जिस्म के पूरब में चुभ जाए

प्रश्न 08 : दक्कनी हिन्दी काव्यधारा में वली दक्कनी का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

प्रश्न 09 : निर्मला पुतुल के साहित्यिक वैशिष्ट्य को उद्घाटित करते हुए बताइये कि आपको उनकी कौनसी कविता सबसे अधिक प्रिय है और क्यों ?

प्रश्न 10 : 'महामोह' उपन्यास की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : 'चेम्मीन' में आपको सबसे ज्यादा किस चरित्र ने प्रभावित किया है और क्यों ? उस पात्र का चारित्रिक वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए।

प्रश्न 12 : मुहम्मद तुग़लक चारित्रिक विरोधाभास में जीने वाला एक ऐसा बादशाह था जिसे इतिहासकारों ने उसकी सनकों के लिए खब़्ती करार दिया। 'तुग़लक' नाटक के कथानक को संक्षेप में लिखते हुए मुहम्मद तुग़लक के गुण-दोषों को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 13 : "रवीन्द्रनाथ टैगोर मानवीय संवेदनाओं और हृदय के सूक्ष्म मनोभावों को उकेरने वाले एक कुशल चितेरे हैं।" 'काबुलीवाला' कहानी के सन्दर्भ में उक्त कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 14 : देश विभाजन की त्रासदी पर लिखी गई अन्य कहानियों और 'टोबा टेक सिंह' का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

प्रश्न 15 : 'दुविधा' कहानी का कथा वैशिष्ट्य उद्घाटित कीजिए।

❖❖❖

नामांकन ........................

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 05 (विकल्प – 1) |
| प्रश्न पत्र का नाम | : हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण (MAHD – 17) |

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : निम्नलिखित में से **असत्य** कथन की पहचान कीजिए –

(क) जीवित भाषा का अन्तिम रूप निर्धारित नहीं है।

(ख) लाँग तथा परोल की अवधारणा चोमस्की प्रवर्तित है।

(ग) व्यक्तिगत रूप से भाषा उत्पन्न नहीं की जा सकती।

(घ) भाषा का समस्त कार्य-व्यापार अर्थद्योतन हेतु चलता है।

प्रश्न 02 : निम्नलिखित में से **असत्य** कथन की पहचान कीजिए –

(क) उत्तरसंरचना अर्थ की असीमितता को उजागर करता है।

(ख) भाषा अधिगम एक निरन्तर चलनेवाली प्रक्रिया है।

(ग) भाषा अधिगम के लिए भाषा सामाजिकीकरण आवश्यक है।

(घ) उत्तरसंरचना कक्षागत भाषा अधिगम को अधिक महत्त्व देती है।

प्रश्न 03 : भाषा कौशलों पर अधिकार एवं इनका व्यवहार में प्रयोग कहलाता है –

(क) कौशल (ख) भाषा-अधिगम

(ग) भाषा-शिक्षण (घ) शिक्षा

प्रश्न 04 : निम्नलिखित में से **असत्य** कथन की पहचान कीजिए –

(क) पारंपरिक कक्षागत शिक्षण और ऑनलाइन शिक्षण में अन्तर है।

(ख) ऑनलाइन भाषाशिक्षण हेतु कंप्यूटर संचालन की अच्छी जानकारी होने की आवश्यकता है।

(ग) ऑनलाइन भाषाशिक्षण व्यक्तिगत रूप से सीखने का अवसर प्रदान करता है।

(घ) ऑनलाइन भाषाशिक्षण समयबद्ध शिक्षण प्रणाली की बाधाओं से परे है।

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : रूस में हिन्दी का अध्ययन करने वाले विद्यार्थी इनमें से किस श्रेणी में आते हैं ?

(क) द्वितीय भाषा विद्यार्थी (ख) विदेशी भाषा विद्यार्थी

(ग) विज्ञान क्षेत्र के विद्यार्थी (घ) अन्य श्रेणी के विद्यार्थी

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : भाषा का परिचय देते हुए भाषाशिक्षण के सन्दर्भ में भाषा के दो प्रमुख रूपों के बारे में चर्चा कीजिए।

प्रश्न 07 : भाषा अधिगम की उत्तरसंरचना विधि के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

प्रश्न 08 : मातृभाषा शिक्षण का स्वरूप बताइए।

प्रश्न 09 : ऑनलाइन भाषाशिक्षण क्या है ? संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न 10 : भाषा-शिक्षण में दृश्य-श्रव्य माध्यमों को स्पष्ट कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : वाचन के प्रकारों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12 : लेखन विकास की प्रक्रिया को विस्तार से लिखिए।

प्रश्न 13 : भाषा मूल्यांकन की प्रविधियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 14 : हिन्दी शब्दावली रचना में व्याकरण की व्यवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 15 : क्या आप ऑनलाइन भाषाशिक्षण को एक बेहतर शिक्षण प्रणाली मानते हैं ? तर्क और उदाहरण सहित अपना मत प्रकट कीजिए।

❖❖❖

ukekdu --------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – तृतीय सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 05 (विकल्प – 2) |
| प्रश्न पत्र का नाम | : सृजनात्मक लेखन (MAHD – 18) |
| समयावधि : **03** घंटे | पूर्णांक : **70** |

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : निम्नलिखित में से कौनसा कथन **असत्य** है ?

**(क)** सूचनात्मक लेखन ज्ञान में वृद्धि करता है जबकि रचनात्मक लेखन हमें उदार और मानवीय बनाता है।

**(ख)** उपयोगी कला के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है, जबकि ललित कला के लिए नहीं।

**(ग)** रचनाकार समाज की गतिविधियों का द्रष्टा नहीं होता।

**(घ)** सृजनात्मक लेखन का महत्त्व किसी रूप में समाज में सकारात्मक परिवर्तन का साधन बनने में है।

प्रश्न 02 : लेखक अपनी रचना में दार्शनिकता को ज्यों का त्यों प्रकट नहीं करता है क्योंकि –

**(क)** वह नहीं चाहता है कि सिर्फ उसकी विचारधारा को पढ़ा या समझा जाय।

**(ख)** रचनात्मक लेखक का उद्देश्य अपनी दार्शनिकता का प्रचार करना नहीं है।

**(ग)** रचनात्मक लेखक अपनी कृति के माध्यम से अपने दार्शनिक विचारों से भी रूबरू कराना चाहता है।

**(घ)** दार्शनिक विचार लेखक की लेखकीय राजनीति होती है।

प्रश्न 03 : निम्नलिखित में से प्रकृति की रचना है –

(क) वर्षा का होना (ख) कविता लिखना (ग) कुर्सी बनाना (घ) पुस्तक पढ़ना

प्रश्न 04 : निम्नलिखित कथन में से कौन-सा **असत्य** है ?

(क) जन समुदाय के बीच कोई साहित्य केवल सरलता और सुबोधता के कारण लोकप्रिय नहीं होता है बल्कि उसमें जन-जीवन की वास्तविकताएँ और आकांक्षाएँ सहज-सुबोध रूप में व्यक्त होती हैं।

(ख) लोकसाहित्य गण समाज के आज तक किसी न किसी रूप में निर्मित और विकसित होता आ रहा है जबकि लोकप्रिय साहित्य पूँजीवादी युग और समाज की उपज है।

(ग) लोकसाहित्य की रचना जन समुदाय करता है और वही उसका स्रोता भी है जबकि पॉपुलर साहित्य प्रकाशन के युग का साहित्य है जिसका बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन होता है।

(घ) आज के पॉपुलर साहित्य में सोशल मीडिया की भूमिका नगण्य है।

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : हिन्दी में ब्लॉगिंग के आरम्भ का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(क) आलोक कुमार को (ख) रवीश कुमार को

(ग) रवीन्द्र प्रभात को (घ) उदय प्रकाश को

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : "रचना तीव्र भावावेगों की स्वतः स्फूर्त अभिव्यक्ति है।" यह कथन किसका है ? रचना-प्रक्रिया के इस सिद्धान्त को क्या कहा जाता है ?

प्रश्न 07 : "गहरी आन्तरिक प्रेरणा के अभाव में लिखा गया साहित्य कभी मूल्यवान नहीं होता ।" उक्त कथन पर विचार कीजिए।

प्रश्न 08 : साहित्य का कोई न कोई उद्देश्य अवश्य होता है। आपकी दृष्टि में साहित्य किन-किन उद्देश्यों से प्रेरित होकर लिखा जाता है ?

प्रश्न 09 : पॉपुलर साहित्य से आपका क्या तात्पर्य है ? पॉपुलर साहित्य कितने प्रकार हैं ? समकालीन हिन्दी पॉपुलर साहित्य की प्रमुख कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10 : ब्लॉग से क्या तात्पर्य है ? ब्लॉग कितने प्रकार के होते हैं ? विषय के आधार पर ब्लॉग को कितने रूप में विभक्त किया जा सकता है ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : सृजनात्मकता का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके विविध रूपों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 12 : रचना-प्रक्रिया का अर्थ स्पष्ट करते हुए किसी रचनाकार की किसी एक रचना की रचना-प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 13 : अपने रचनात्मक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बताइए कि जेंडर की समस्या क्या आपको उपयुक्त विषय लगता है ? यदि 'नहीं' तो कारण बताइए क्यों ? यदि 'हाँ' तो बताइए कि इस विषय पर क्या लिखना चाहेंगे और क्यों ?

प्रश्न 14 : "लेखक अगर अपने समाज में कोई भूमिका नहीं निभाता है तो उसका लेखन सामाजिक सरोकारविहीन होगा ।" क्या आप इस तर्क से सहमत हैं ? तर्क एवं प्रमाण सहित अपना मत प्रकट कीजिए।

प्रश्न 15 : लप्रेक से क्या आशय है ? प्रमुख लप्रेक रचनाकारों का परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का वैशिष्ट्य उद्घाटित कीजिए।

❖❖❖

ukekdu---------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 01

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी नीतिकाव्य और मूल्य चेतना (MAHD – 19)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : मानवीय आचरण निर्धारित होता है –

(क) राजनैतिक बोध से (ख) आर्थिक बोध से

(ग) नैतिक बोध से (घ) अधिकार बोध से

प्रश्न 02 : मानविकी के सन्दर्भ में मूल्य का अर्थ है –

(क) जीवन दृष्टि (ख) अर्थ दृष्टि

(ग) न्याय दृष्टि (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : जीवन मूल्य वर्गीकरण सम्बन्धी भारतीय दृष्टिकोण आधारित है –

(क) केवल धर्म पर (ख) धर्म और अर्थ पर

(ग) काम और मोक्ष पर (घ) पुरुषार्थ चतुष्टय पर

प्रश्न 04 : सांस्कृतिक जीवन मूल्यों का सम्बन्ध है –

(क) धर्म से (ख) दर्शन से

(ग) अर्थ व रोजगार से (घ) संस्कृति से

प्रश्न 05 : लोकनीति और नृपनीति की दृष्टि से कौन सा पुराण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है ?

(क) गरुड़ पुराण (ख) शिव पुराण

(ग) विष्णु पुराण (घ) उपर्युक्त सभी

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : नैतिकता, जीवन-मूल्य, आदर्श, कर्त्तव्य आदि से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

*प्रश्न जारी ...⟹*

प्रश्न 07 : 'नीतिकाव्य' का मूल प्रयोजन क्या है ? प्रस्तुत नीति दोहा किस प्रयोजन से कहा गया है –

नहिं पराग नहिं मधुरमधु , नहिं विकास इहिं काल ।
अली कली ही सौं बन्ध्यौ, आगै कौन हवाल ॥

प्रश्न 08 : निम्नलिखित कवित्त का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए –

बोलिए तौ तब जब बोलिबे की सुधि होय, ना तौ मुख मौन गहि चुप होय रहिए ।
जोरिए तो तब जब जोरिबै की रीति जानै, तुक छन्द अरथ अनूप जामे लहिए ।
गाइए तौ तब जब गाइबे को कण्ठ होय, श्रवन के सुनत ही मनै जाय गहिए ।
तुकभंग, छन्दभंग, अरथ मिलै न कछु, सुन्दर कहत ऐसी बानी नहिं कहिए ॥

प्रश्न 09 : निम्नलिखित दोहे में आगत अलंकार का उल्लेख करते हुए निहितार्थ प्रकट कीजिए –

रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून ।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ॥

प्रश्न 10 : निम्नलिखित कहावत का निहितार्थ प्रकट कीजिए –

सूरज तेज सुतेज , आड़ बोले अन्याली । यदि माटी गल जाए, पवन फिर बैठे छाली ॥
कीड़ी मेले इंड, चिड़ी रेत में न्हावे । कांसी कामन दौड़ आभ लीलो रंग आवे ॥
देबो डहक बाड़ा चढ़े, विसहर चढ़ बैठे बड़ाँ । पाण्ड्या जोतिस झूठा पड़ें , धन बरसैं इतर गुणाँ ॥

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)
(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप नीति को विभिन्न भेदों में विभक्त किया गया है । यथा – वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, इतरप्राणी सम्बन्धी और मिश्रित नीति । नीति के उपर्युक्त प्रकारों का सोदाहरण विश्लेषण कीजिए ।

प्रश्न 12 : कबीर, रज्जब, सुन्दरदास जैसे सन्त कवियों के काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों की विवेचना कीजिए ।

प्रश्न 13 : तुलसीदास, रहीम जैसे भक्त कवियों के नीतिकाव्य में अभिव्यक्त सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों का विश्लेषण कीजिए ।

प्रश्न 14 : "बिहारी, वृन्द, घाघ-भड्डरी, गिरधर कविराय, दीनदयाल गिरि आदि रीतिकालीन कवियों के काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्य चेतना का सुन्दर परिपाक हुआ है ।" उक्त कथन की सोदाहरण मीमांसा कीजिए ।

प्रश्न 15 : "जीवन मूल्यों के प्रति जनजागृति ही बढ़ती अराजकता एवं सामाजिक विषमता को रोकने का एकमात्र उपाय है ।" युक्तियुक्त विचार कीजिए ।

❖❖❖

ukekdu ----------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 02

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी के विविध गद्य-रूप (MAHD – 20)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है ?

(क) जीवनी (ख) संस्मरण

(ग) आत्मकथा (घ) उपन्यास

प्रश्न 02 : 'निराला की साहित्य साधना' के रचयिता हैं –

(क) रामविलास शर्मा (ख) अमृत राय

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) वीरेन्द्र सिंधु

प्रश्न 03 : रामवृक्ष बेनीपुरी ने रजिया के चरित्र-चित्रण क्रम में उसकी किस अवस्था का वर्णन किया है ?

(क) बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक का

(ख) किशोरावस्था से युवावस्था तक का

(ग) युवावस्था से वृद्धावस्था तक का

(घ) बचपन से वृद्धावस्था तक का

प्रश्न 04 : कमलेश्वर ने मोहन राकेश की 'डायरी' को क्या कहकर अभिहित किया है ?

(क) रेगिस्तान का सफर (ख) जीवन का ब्योरेवार वर्णन

(ग) अनुभव की सच्चाई (घ) अन्तर्मन से साक्षात्कार

प्रश्न 05 : "जिस प्रकार सुनार सोने को अपनी कसौटी पर परखता है उसी प्रकार तुम भी मेरे प्रत्येक कथन को अपने अनुभव की कसौटी पर परखो।" यह आप्त वचन किस महापुरुष का है –

(क) भदन्त आनन्द कौसल्यायन का (ख) महात्मा गाँधी का

(ग) महावीर स्वामी का (घ) भगवान बुद्ध का

*प्रश्न जारी ...⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : मोहन राकेश की 'डायरी' में शाश्वत और चिरन्तन के प्रति क्या धारणा है ?

प्रश्न 07 : 'बूढ़ी बामणी' रिपोर्ताज के भाषिक वैशिष्ट्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्रश्न 08 : साक्षात्कार में नाटकीयता और रोचकता का समावेश कैसे किया जा सकता है ?

प्रश्न 09 : 'भिक्षु के पत्र' में किन-किन विषयों पर पत्र लिखे गए हैं ?

प्रश्न 10 : 'साहित्य-देवता' के संरचनात्मक वैशिष्ट्य को रेखांकित कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' की अन्तर्वस्तु को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12 : " 'आवारा मसीहा' में व्यक्ति और परिवेश का अभूतपूर्व संयोजन हुआ है ।" उक्त कथन की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 13 : भाषा-शैली और चित्रण-कौशल की दृष्टि से 'रजिया' का मूल्यांकन कीजिए।

प्रश्न 14 : गद्यकाव्य का आशय स्पष्ट करते हुए निर्धारण कीजिए कि गद्यकाव्य की शर्तों के निर्वाह में 'साहित्य-देवता' किस सीमा तक सफल कृति है।

प्रश्न 15 : 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' के मूल कथ्य को उद्घाटित कीजिए।

❖❖❖

ukekdu-----------------

› **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**दूर शिक्षा निदेशालय**

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018**

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 03

प्रश्न पत्र का नाम : भाषाविज्ञान (MAHD – 21)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : निम्नलिखित कथनों में से **असत्य** कथन की पहचान कीजिए –

(क) संरचना तत्त्व के आधार पर किया गया वर्गीकरण आकृतिमूलक वर्गीकरण कहलाता है।

(ख) अयोगात्मक भाषाओं में प्रकृति और प्रत्यय होते हैं।

(ग) आकृतिमूलक वर्गीकरण को रूपात्मक, पदात्मक या संरचनात्मक वर्गीकरण भी कहा जाता है।

(घ) अयोगात्मक भाषाओं में स्थान का बहुत महत्व होता है।

प्रश्न 02 : निम्नलिखित में से कौनसी अयोगात्मक भाषा है?

(क) चीनी (ख) तुर्की

(ग) हिन्दी (घ) स्पेनिश

प्रश्न 03 : निम्नलिखित कथनों में से **असत्य** कथन की पहचान कीजिए –

(क) रचना तत्त्व और अर्थ तत्त्व के आधार पर किया गया वर्गीकरण पारिवारिक वर्गीकरण कहलाता है।

(ख) अनुकरणमूलक शब्दों में समानता को पारिवारिक सम्बन्ध का आधार माना जाता है।

(ग) भाषाओं के बीच पारिवारिक सम्बन्ध को सांस्कृतिक संचरण के रूप में भी पारिभाषित किया जा सकता है।

(घ) शब्दों में आकस्मिक साम्य को पारिवारिक सम्बन्ध का आधार नहीं माना जा सकता।

प्रश्न 04 : गाय शब्द का आधुनिक अर्थ मूल अर्थ के सम्बन्ध में किसका उदाहरण है ?

(क) अर्थोत्कर्ष (ख) अर्थ विस्तार

(ग) अर्थ संकोच (घ) उपर्युक्त सभी

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान के अन्तर्गत आता है ?

(क) स्वनिमिक विश्लेषण (ख) अनुवाद

(ग) वितरण अध्ययन (घ) प्रोक्ति विश्लेषण

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : पारिवारिक वर्गीकरण और आकृतिमूलक वर्गीकरण में क्या अन्तर है ?

प्रश्न 07 : आकृतिमूलक वर्गीकरण के संरचनात्मक आधार को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : स्वन (ध्वनि) परिवर्तन की दिशाओं की सोदाहरण चर्चा कीजिए।

प्रश्न 09 : वाक्य और उपवाक्य के सम्बन्धों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 10 : अर्थ परिवर्तन के कारणों को समझाइए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : भाषाविज्ञान क्या है ? इसके विभिन्न प्रकारों और अंगों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12 : वाग्यंत्रों का चित्र बनाकर सभी वाग्यंत्रों को उचित स्थान पर प्रदर्शित कीजिए एवं उनका परिचय दीजिए।

प्रश्न 13 : एकार्थी एवं पर्यायवाची शब्दों से आप क्या समझते हैं ? पर्याय के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 14 : रूपविज्ञान और पदविज्ञान क्यों एक है ? विस्तार से वर्णन कीजिए।

प्रश्न 15 : शब्द शक्तियों का अर्थबोध की दृष्टि से महत्व निरूपित कीजिए।

❖❖❖

ukekdu ------------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 (द्वितीय वर्ष – चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 04

प्रश्न पत्र का नाम : नव सामाजिक विमर्श (MAHD – 22)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : सामाजिक बदलाव की पहली शर्त है –

(क) आर्थिक आत्मनिर्भरता

(ख) सामाजिक विद्रोह

(ग) कानून व विधि अनुकूलता

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 02 : रोज केरकेट्टा को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किस सम्मान से सम्मानित किया गया ?

(क) रानी दुर्गावती सम्मान

(ख) ज्योतिबा फूले सम्मान

(ग) माकी मुण्डा सम्मान

(घ) सिनगी दई सम्मान

प्रश्न 03 : 'स्त्रीत्व का मानचित्र' पुस्तक की लेखिका हैं –

(क) मृणाल पाण्डेय (ख) मैत्रेयी पुष्पा

(ग) अनामिका (घ) सुमन राजे

प्रश्न 04 : 'युद्धरत आम आदमी' पत्रिका के सम्पादकत्व से सम्बद्ध हैं –

(क) रमणिका गुप्ता (ख) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(ग) जयप्रकाश कर्दम (घ) राजेन्द्र यादव

प्रश्न 05 : डॉ॰ तुलसीराम की आत्मकथा का पहला खण्ड 'मुर्दहिया' शीर्षक से प्रकाशित हुआ। उनकी आत्मकथा के दूसरे खण्ड का शीर्षक है –

(क) जूठन (ख) मणिकर्णिका

(ग) शिकंजे का दर्द (घ) अपने-अपने पिंजरे

*प्रश्न जारी ...⟹*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : 'उलगुलान' का क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : 'मैना' कहानी के भाषिक वैशिष्ट्य को उद्घाटित कीजिए।

प्रश्न 08 : 'एक ज़मीन अपनी' उपन्यास के सन्दर्भ में वर्तमान भूमण्डलीय संस्कृति में विज्ञापन जगत् के खुरदरे यथार्थ का परिचय दीजिए।

प्रश्न 09 : निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए–
"देखो ! / बंद किले से बाहर / झाँक कर तो देखो / बरफ पिघल रही है। / बछेड़े मार रहे हैं फुर्री / बैल धूप चबा रहे हैं / और एकलव्य / पुराने जंग लगे तीरों को / आग में तपा रहा है।"

प्रश्न 10 : "ग्रेस कुजूर की कविताएँ आदिवासियों पर हो रहे बाहरी हमले और दमन से उठे दर्द का एहसास कराती हैं। उनके कलमबद्ध शब्द आदिवासियों को आगाह करते हुए उन्हें बचने तथा संघर्ष करने का आह्वान करते हैं।" कवयित्री किन बाहरी हमलों से सावधान होने की आवश्यकता जताती हैं ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : राम, पाठशाला जा ! / राधा, खाना पका ! / राम, आ बताशा खा ! / राधा, झाड़ू लगा ! / भैया अब सोएगा, / जाकर बिस्तर बिछा ! / अहा, नया घर है ! / राम, देख, यह तेरा कमरा है ! / "और मेरा ?" / "ओ पगली, / लड़कियाँ हवा, धूप, मिट्टी होती हैं / उनका कोई घर नहीं होता !" उपर्युक्त पंक्तियों के सन्दर्भ में सामाजिक लिंगभेद के सत्य को उद्घाटित कीजिए।

प्रश्न 12 : संरचना और शिल्प की दृष्टि से 'जंगल के गीत' उपन्यास की विशेषताएँ उद्घाटित कीजिए।

प्रश्न 13 : "स्त्री-विमर्श सम्बन्धी सुधा अरोड़ा का भाष्य स्त्री के अस्तित्व के असीम और अछोर उलझाव से एक धारदार मुठभेड़ है।" मुद्राराक्षस के उक्त कथन के आलोक में 'अन्नपूर्णा मंडल की आखिरी चिट्ठी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 14 : "सामूहिकता, समता, श्रम आधारित जीवन और सहअस्तित्व का आदिवासी जीवन-मूल्य में विशेष महत्व है।" उक्त कथन के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी जीवन-संस्कृति का वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए।

प्रश्न 15 : दलित विमर्श की कसौटी पर 'मुर्दहिया' आत्मकथा की परख कीजिए।

❖❖❖